**सुविचार**

इंसानियत है तो कभी किसी को धोखा मत दीजिए, अगर पसंद नहीं तो बात आगे मत बढ़ाइए।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 72 | पंचकूला। शनिवार, 18 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### गौतम अदाणी बने एशिया के सबसे अमीर शख्स, मुकेश अंबानी को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** देश के जाने-माने अरबपति उद्योगपति और अदाणी ग्रुप चेयरमैन गौतम अदाणी अब एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। गौतम अदाणी की कुल संपत्ति बढ़कर 92.6 अरब डॉलर हो गई है, जिससे वह वैश्विक स्तर पर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर रह गई है और वह 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। शीर्ष स्तर पर हुए इस फेरबदल से भू-राजनीतिक तनाव और बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच 2026 में वैश्विक अमीरों की रैंकिंग में जारी अस्थिरता उजागर होती है। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार के सत्र में अदाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई, जिसने बेंचमार्क इंडेक्स को भी पीछे छोड़ दिया।

### भाजपा नेता की हत्या में कर्नाटक कांग्रेस विधायक को उम्रकैद की सजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला CBI को सौंप दिया गया था।

### टीसीएस ने धर्मांतरण मामले में नासिक की कर्मचारी निदा खान को किया सस्पेंड

**नासिक।** आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने महाराष्ट्र के नासिक में सामने आए कथित धर्मांतरण से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी के रूप में नामित कर्मचारी निदा खान को सस्पेंड कर दिया है। कंपनी द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी सामने आई है। 9 अप्रैल 2026 को जारी सस्पेंशन आदेश के मुताबिक, प्रोसेस एसोसिएट पद पर कार्यरत इस कर्मचारी को उसके खिलाफ लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# लोकसभा में 54 वोट से गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा बिल

## सरकार को नहीं मिला दो-तिहाई बहुमत पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** केंद्र सरकार को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत न मिलने पर महिला आरक्षण बिल गिर गया है। इतना ही नीं, महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान (131वां) संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। 21 घंटे की चर्चा के बाद वोटिंग हुई। लोकसभा में मौजूद 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल 54 वोट से गिर गया। लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, लेकिन 3 सीटें खाली होने की वजह से मौजूदा सांसद 540 है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस बिल पर विचार करने पर मत विभाजन के दौरान पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। उन्होंने कहा कि अब इस बिल पर आगे की कार्यवाही पर फैसला संभव नहीं है, क्योंकि यह बिल विचार करने के लिए पेश किए जाने के लेवल पर ही गिर गया है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अन्य दो बिल भी आगे न बढ़ाने की बात कही।



विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पर मतदान किया गया। संविधान संशोधन विधेयक पर ध्वनि मत से नहीं, बल्कि मत विभाजन के जरिए मतदान होता है, यानी यह स्पष्ट करना होता है कि कितने वोट समर्थन या विरोध में पड़े हैं। संविधान के अनुच्छेद 368 के उपबंधों के अनुसार, सभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा और सभा के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा विधेयक पारित नहीं हुआ। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मैं इस देश की मातृशक्ति से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी की अनुपस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने जो प्रस्ताव रखा है, वह एक सुनियोजित जाल है, ताकि महिला आरक्षण को 2029 से पहले लागू न होने दिया जाए। इसलिए ये जो कहते हैं कि हमारे राज्यों को समान भार होना चाहिए, मैं सहमत हूं। महिला आरक्षण 2029 से पहले होना चाहिए। 2029 के बाद ले जाने के लिए इनके षड्यंत्र को हम सफल नहीं होने देंगे। मैं समझता हूं कि अगर ये वोट नहीं देंगे तो महिला आरक्षण बिल गिर जाएगा, लेकिन देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है। उन्होंने कहा कि मैं यहां संविधान की नीतियों को स्पष्ट करना चाहता हूं। भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। इंडिया महागठबंधन वाले तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मुस्लिम आरक्षण की मांग खड़ी करना चाहते हैं।

### विपक्ष के बोल

#### यह संविधान पर हमला था, जिसे हमने हरा दिया : राहुल गांधी



लोकसभा में 131वें संविधान संशोधन विधेयक के गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। सदन में इस बिल की हार को विपक्ष की बड़ी सफलता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह विधेयक सीधे तौर पर भारत के संविधान पर एक हमला था, जिसे हमने हरा दिया है। गांधी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए साफ किया कि विपक्ष ने पहले ही कह दिया था कि यह महिलाओं का बिल नहीं है, बल्कि भारत की चुनावी संरचना को बदलने का एक प्रयास है।

प्रियंका ने कहा- यह हमारे लोकतंत्र और देश की एकता के लिए एक बड़ी जीत है। जैसा कि मैंने अंदर कहा, यह संविधान पर हमला था, और हमने इसे विफल कर दिया है, जो कि एक अच्छी बात है।

शशि थरूर ने कहा- हमने हमेशा कहा है कि हम महिला आरक्षण का पूर्ण समर्थन करते हैं और आज भी इसके पक्ष में मतदान करने को तैयार हैं। हालांकि, इसे परिसीमन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

वहीं एमके स्टालिन ने कहा- 23 अप्रैल को हम दिल्ली का अहंकार और उस अहंकार का समर्थन करने वाले गुलामों को हराएंगे।

### अमित शाह बोले-कांग्रेस ने परिसीमन से देश की जनता को वंचित रखा

**इधर,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई सारे सदस्यों ने अनेक प्रकार की आशंकाएं व्यक्त कीं कि परिसीमन अभी क्यों लाया जाए? तो मैं बता दूं कि जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया है, उसमें जिक्र है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद जो परिसीमन होगा, उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब ये कहते हैं कि बिल लाते समय इसका जिक्र क्यों किया गया? यह हमने नहीं किया। 1971 में इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब वे इसे फ्रीज करके गई थीं। वह फ्रीज की गई सीटों की संख्या उठाते हैं, तभी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन होता है, इसलिए हम इसे लेकर आए।



#### महिलाएं माफ नहीं करेंगी

शाह ने कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है। यहां पर तो शोर-शराबा करके बच जाओगे लेकिन माताओं-बहनों का आक्रोश बाहर पता चलेगा। चुनाव में वोट मांगने जाएंगे तो मातृशक्ति हिसाब मांगेगी।

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ङ्ग पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है।

उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। इस पर ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों पर नाकाबंदी जारी रही, तो वह इसे सीजफायर का उल्लंघन मानेगा और होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा बंद कर देगा।

इधर, ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी।

## हाइवे के किनारे लगे दस रेहड़ी-फड़ी किए गए जब्त

पंचकूला ऑब्जर्वर

**अवैध कब्जे पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई**

**पंचकूला।** नेशनल हाईवे के नजदीक अवैध कब्जा कर बैठे रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। कमांड अस्पताल के पास पुलिस ने 10 रेहड़ी-ठेले जब्त किए और एक ऑटो इंपाउंड कर लिया। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम के सहयोग से सामान जब्त किया गया। ये रेहड़ी-ठेले यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए एक ऑटो को भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा इंपाउंड किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है।



पुलिस के अनुसार, इस प्रकार के अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना को भी बढ़ाते हैं। इसलिए ऐसे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चंडीगढ़ में आप का संगठन मजबूत करने का बड़ा कदम, नई टीम का ऐलान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी, चंडीगढ़ ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से व्यापक संगठन विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी के अनुसार, इन नियुक्तियों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना, जनाधार को बढ़ाना और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देते हुए कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें प्रेम गर्ग को प्रेसिडेंट, जबकि जसबीर लड्डी, पी.पी. घई, मीना शर्मा, कौशल सिंह और शिशुपाल को मेंबर नियुक्त किया गया है।

## निगम कमिश्नर ने कचरा संग्रहण, पार्कों का रखरखाव, सीएनडी वेस्ट की जांची व्यवस्थाएं

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** नगर निगम के आयुक्त विनय कुमार के नेतृत्व में चल रहा प्रातःकालीन निरीक्षण अभियान लगातार निगम की सक्रियता और जमीनी स्तर पर मजबूत उपस्थिति को दर्शा रहा है।

इस अभियान के तहत नियमित रूप से पैदल निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिसमें 7-8 किलोमीटर तक की दूरी तय कर विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। 26वें दिन सेक्टर-26 में निरीक्षण के दौरान घर-घर कचरा संग्रहण, पार्कों के रखरखाव, स्वच्छता व्यवस्था तथा 'किसान मंडी' से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने 'एस्पिरेशनल टॉयलेट्स' (आधुनिक शौचालयों) के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं। नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि नगर निगम टीम की लगातार जमीनी मौजूदगी और पैदल निरीक्षण अभियान, पूरे पंचकूला में स्वच्छता और नागरिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



उन्होंने कहा कि इन सुधारों को बनाए रखने के लिए नागरिकों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। इससे पहले अभियान के 24वें दिन सेक्टर-21 में निरीक्षण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से घर-घर कचरा संग्रहण, स्वच्छता व्यवस्था, पार्कों का रखरखाव, नालियों की सफाई तथा निर्माण एवं विध्वंस (सीएनडी) कचरे के प्रबंधन पर फोकस किया गया। इस दौरान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही 'आसमान फाउंडेशन' के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश दिया।

## एफसीआर डॉ. सुमिता मिश्रा ने बरवाला अनाज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** वित्त आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा डॉ सुमिता मिश्रा ने आज बरवाला अनाजमंडी का निरीक्षण किया और रबी सीजन 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद व उठान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों और आढ़तियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुमिता मिश्रा के साथ उपायुक्त सतपाल शर्मा, एसडीएम कालका सयंम गर्ग, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक जतिन मित्तल, बरवाला मंडी के सचिव सुरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने गेट पास और बायोमैट्रिक प्रणाली की जांच की तथा गेहूं की बोरियों का वजन भी चेक किया, जो संतोषजनक पाया गया। उन्होंने अधिकारियों से मंडी में गेहूं की आवक, खरीद और उठान की स्थिति की जानकारी ली तथा किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। डॉ. सुमिता मिश्रा ने मंडी में किसानों और मजदूरों के लिए संचालित अटल कैंटीन का निरीक्षण किया और वहां मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्व को पूरा करने के साथ साथ एक आम नागरिक की तरह कैंटीन में भोजन ग्रहण किया और भुगतान भी किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता के लिए कैंटीन संचालकों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि अब तक मंडी में 1 लाख 56 हजार क्विंटल की आवक हुई है जिसमें से 1 लाख 27 हजार क्विंटल की खरीद और 46 हजार 700 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि मंडी में फसल की खरीद और उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। मंडी में विभिन्न स्थानों पर बॉयोमैट्रिक मशीने लगाई गई है ताकि किसान और आ?ती अपनी सुविधा अनुसार अपना बॉयोमैट्रिक सत्यापन कर सके। गेट पास के लिए विभिन्न मोबाईल प्वाईंटस स्थापित किए गए है ताकि भीड़ से बचा जा सके।



## चंडीगढ़ भाजपा मुख्यालय ब्लास्ट केस : 9 आरोपी रिमांड पर, 2 लाख रुपये में मिला था टास्क

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** सेक्टर-37 स्थित पंजाब बीजेपी मुख्यालय के बाहर 1 अप्रैल को हुए ग्रेनेड ब्लास्ट मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने 9 आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के साथ क्राइम सीन रीक्रिएशन कर पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी की।

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अमनप्रीत सिंह ने ग्रेनेड फेंका, जबकि गुरतेज सिंह ने घटना की वीडियो बनाई। वारदात के बाद दोनों बस स्टॉप तक गए थे, जहां पुलिस ने उनसे घटनास्थल और भागने के रूट को दोबारा समझा।



इस मामले में मोहाली की एसएसओसी ने पहले ही दोनों मुख्य आरोपियों को हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 5 अन्य आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं, जबकि नवदीप और हरजन सिंह पर पाकिस्तान से हथियार मंगवाने में मदद का आरोप है।

पंजाब पुलिस के अनुसार, आरोपियों की मुलाकात 6 महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। 28 मार्च को गुरतेज को हमले का टास्क दिया गया था, जिसके लिए ?2 लाख देने की बात हुई थी। जांच में विदेश में बैठे हैंडलर्स की भूमिका सामने आई है, जिनकी लोकेशन पुर्तगाल और जर्मनी बताई जा रही है।

**ग्रोथ** | आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700 अरब डॉलर के पार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का फॉरेक्स रिजर्व 3.825 अरब डॉलर बढ़कर 700.946 अरब डॉलर हो गया है।

यह बढ़त पिछले सप्ताह की तेजी के बाद आई है, जब 3 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 9.063 अरब डॉलर बढ़कर 697.121 अरब डॉलर हो गया था। बता दें कि इस साल फरवरी के आखिर में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।



हालांकि, इसके बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कुछ हफ्तों तक भंडार में गिरावट आई थी, क्योंकि रुपए पर दबाव को संभालने के लिए आरबीआई को डॉलर बेचकर बाजार में दखल देना पड़ा था। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार में इस बार बढ़त का मुख्य कारण विदेशी मुद्रा संपत्तियों (एफसीए) में वृद्धि रहा, जो कुल भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होता है। रिपोर्टिंग सप्ताह में एफसीए 3.127 अरब डॉलर बढ़कर 555.983 अरब डॉलर हो गया।

इन विदेशी मुद्रा संपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की वैल्यू में उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।

इसके अलावा, देश के गोल्ड रिजर्व में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने का भंडार 601 मिलियन डॉलर बढ़कर 121.343 अरब डॉलर हो गया।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में भी 56 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे यह 18.763 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ भारत की रिजर्व पोजीशन 41 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.857 अरब डॉलर हो गई।

विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़ोतरी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इससे बाहरी झटकों से सुरक्षा मिलती है और मुद्रा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है।

फॉरेक्स रिजर्व किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का अहम संकेतक होता है। यह केंद्रीय बैंक को जरूरत पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने और रुपए को स्थिर रखने की ताकत देता है, साथ ही यह देश में विदेशी निवेश के प्रवाह को भी दर्शाता है।

# पानी के सुचारू प्रवाह के लिए गाद निकालने वाली नौ महत्वपूर्ण जगहों की पहचान

## सीएम मान की अगुवाई में मंत्रीमंडल द्वारा दरियाओं, चोओं और सेम नालों से गाद निकालने के लिए हरी झंडी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब मंत्रीमंडल ने जनहितैषी नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत जमीन मालिकों को अपनी लागत पर दरियाओं, चोओं और नालों से गाद निकालने की इजाजत दे दी गई है। इस नीति के अंतर्गत दरियाओं, चोओं और नालों से निकाली गई सामग्री को मुफ्त इस्तेमाल करने का अधिकार भी दिया गया है। इसका उद्देश्य मॉनसून से पहले बा? की तैयारियों में तेजी लाना और महत्वपूर्ण हिस्सों में दरियाओं के प्रवाह को बेहतर बनाना है।

मुख्यमंत्री दफ्तर ने कहा, ''मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब कैबिनेट ने सतलुज, ब्यास और सिसवां दरियाओं समेत दरियाओं/चोओं/सेम नालों की सफाई के लिए जमीन मालिकों को अनुमति देने का ब?ा जनहितैषी फैसला लिया है। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में लिया गया।'' जमीन मालिकों को अपनी लागत पर दरियाओं, चोओं और नालों को साफ करने तथा खुदाई की गई सामग्री का मुफ्त इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है। वहीं पंजाब सरकार ने 9 महत्वपूर्ण जगहों की पहचान की है जहां आगामी मॉनसून सीजन को देखते हुए पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गाद निकालने की जरूरत है। यदि इन जगहों पर गाद निकालने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो गाद जमा हो सकती है।

## पंजाब में ईडी के माध्यम से भाजपा का चुनावी खेल जारी तीन दिनों में दो 'आप' नेताओं के घरों पर छापे: मान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में चुनावी माहौल बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में आम आदमी पार्टी (आप) के दो नेताओं के घरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी इसी रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पिछले छापों में क्या मिला था, क्योंकि पहले की तरह इस बार भी कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता का समर्थन हासिल करने में असफल रहने के कारण डर और दबाव की राजनीति अपना रही है।

भगवंत मान ने कहा कि भाजपा को ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का सहारा लेकर चुनाव जीतने का सपना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाबी कभी डर के आगे नहीं झुकते, चाहे उन्हें कितनी भी मुश्किलों का सामना क्यों न करना पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में 117 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तक नहीं ढूंढ पा रही है, इसलिए वह विपक्षी नेताओं को डराकर अपनी पार्टी में शामिल करने



की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने इसे ÷वॉशिंग मशीन राजनीति÷ करार देते हुए कहा कि जो नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ चल रहे मामले अचानक खत्म हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह गैर-भाजपा शासित राज्यों को परेशान करने के लिए फंड रोकने और राज्यपालों का दुरुपयोग करने जैसी नीतियां अपना रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में केंद्र का कर्तव्य है कि वह सभी राज्यों के साथ समान व्यवहार करे, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं हो रहा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी को खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह तेजी से उभरती हुई राजनीतिक ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि देश में कोई तीसरा विकल्प मजबूत हो। उन्होंने दिल्ली के उदाहरण देते हुए कहा कि आप नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जैसे नेताओं को भी इसी तरह निशाना बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल और मंत्री संजीव अरोड़ा के घरों पर छापेमारी भी इसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उन नेताओं को निशाना बनाने के लिए की जा रही है, जिन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव जीते हैं। भाजपा पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी देशभर में एक पैटर्न के तहत काम कर रही है, जिसमें चुनावों से पहले प्रशासनिक और जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई नेता भाजपा के सामने झुक जाता है तो उसके खिलाफ सभी आरोप खत्म हो जाते हैं, जबकि विपक्ष में रहने वालों को लगातार परेशान किया जाता है। उन्होंने इसे ÷खुल्लमखुल्ला तानाशाही÷ बताया। पंजाब में भाजपा की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का राज्य में कोई मजबूत आधार नहीं है।

## अटारी की 121 सड़कों के नवीनीकरण पर खर्च होंगे 57.80 करोड़ रुपये

**अटारी (अमृतसर); 17 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को अमृतसर के अटारी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक विकास अभियान की शुरुआत करते हुए 137 किलोमीटर लंबी 121 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 57.80 करोड़ रुपये की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीमा से सटे इस क्षेत्र को लंबे समय तक उपेक्षित रखा गया, लेकिन अब यहां बुनियादी ढांचे को मजबूत कर विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बेहतर सड़कों से न केवल लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अटारी की रणनीतिक स्थिति के बावजूद पिछली सरकारों ने यहां के लोगों की जरूरतों की अनदेखी की, जिसे अब उनकी सरकार दूर कर रही है।

सभा को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने राज्य में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम का जिक्र करते हुए कहा कि 'आप' सरकार ने 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों के समय नशों के कारोबार को संरक्षण मिला, जिससे पंजाब की युवा पीढ़ी प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अब सरकार इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें आम जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और बड़ी मछलियों तक को कानून के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि वह दिन दूर नहीं जब पंजाब नशा मुक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।




सीमावर्ती किसानों को राहत देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास लगी कंटीली तार को 300 मीटर अंदर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इससे लाखों एकड़ जमीन खेती के लिए उपलब्ध होगी और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इस संबंध में सर्वेक्षण कार्य जारी है ताकि प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस फैसले से पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का जिलों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में कृषि गतिविधियां बढ़ेंगी और किसानों की आय में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली दी जा रही है और 65,000 से अधिक युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसके अलावा, बंद किए गए टोल प्लाजा से लोगों को रोजाना लगभग 70 लाख रुपये की बचत हो रही है।

उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत राज्य के 65 लाख परिवारों को सेहत कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। अब तक लाखों लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। वहीं, सिंचाई के क्षेत्र में सुधार करते हुए नहरी पानी के उपयोग को 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 71 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है, जिसे जल्द ही 90 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लिंक सड़कों के सुधार के लिए भी व्यापक परियोजना चलाई जा रही है। राज्य में करीब 43,000 किलोमीटर लंबी लिंक सड़कों की मरम्मत और उन्नयन के साथ-साथ अगले पांच वर्षों तक उनके रखरखाव की भी व्यवस्था की जा रही है।

### 'मांवां धियां सतिकार योजना' के तहत अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपये और अन्य वर्गों की महिलाओं को 1000 रुपये मासिक सहायता दी जाएगी

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 'मांवां धियां सतिकार योजना' के तहत अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपये और अन्य वर्गों की महिलाओं को 1000 रुपये मासिक सहायता दी जाएगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल केवल सत्ता हासिल करने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में राज्य की जनता एक बार फिर विकास के एजेंडे को चुनते हुए 'आप' सरकार को समर्थन देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पंजाब को 'रंगला पंजाब' बनाना है, जहां हर वर्ग के लोगों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि करदाताओं के पैसे का उपयोग पारदर्शिता और ईमानदारी से जनहित में किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

## एक नजर

### गैंगस्टरां ते वार के 87वें दिन: 546 स्थानों पर छापेमारी; 253 गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू किए गए निर्णायक 'गैंगस्टरां ते वारग अभियान के 87वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मैप किए गए 546 स्थानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जो 20 जनवरी, 2026 को पुलिस डायरेक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुरू की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्रवाइयां कर रही हैं। 87वें दिन, पुलिस टीमों ने दो हथियारों सहित 253 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत के बाद कुल गिरफ्तारियां 21,905 हो गईं। इसके अलावा 88 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई है, जबकि 135 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 3 फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना/जानकारी भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपना अभियान 'युद्ध नशेयां के विरुद्ध' को 412वें दिन भी जारी रखते हुए आज 93 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.1 किलो हेरोइन, 5 किलो गांजा, 2 किलो भूक्की, 3046 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 11,150 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इससे केवल 412 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 59,304 हो गई है।

### नए फ्लीट का उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना और रियल-टाइम निगरानी को बढ़ाना है: चीमा

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां आबकारी और कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 25 नई बोलेरो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस कदम से फील्ड में मौजूदगी में काफी वृद्धि होगी, टैक्स चोरी को नकेल डाली जाएगी, और पंजाब सरकार के लिए राजस्व एकत्र करने को बढ़ावा मिलेगा। प्रेस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, आज हमारे राज्य प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम आबकारी और कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को महत्वपूर्ण ढंग से बढ़ाने के लिए आधिकारिक तौर पर 25 नए बोलेरो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कार्रवाइयों को मजबूत करने और व्यापक भौगोलिक पहुंच की आवश्यकता पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, अधिकतम भौगोलिक कवरेज और कार्यशील दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने लगभग 2.21 करोड़ रुपये की कुल लागत से ये 25 बोलेरो वाहन खरीदे हैं।

### शिकायतों का हल सुनिश्चित किए जाएं : स्पेशल डीजीपी

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (स्पेशल डीजीपी) ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा-कम-जनता शिकायतें ए.एस. राय ने आज जनता शिकायत डिवीजन (पी.जी.डी.) के अंतर्गत सभी नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता की। यह मीटिंग पीजीडी पोर्टल pgd.punjabpolice.gov.in के माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायतों की वर्तमान स्थिति और निपटारे का जायजा लेने के लिए की गई, जो नागरिकों को पंजाब पुलिस से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह मीटिंग डीजीपी पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर की गई। डीजीपी पंजाब गौरव यादव द्वारा स्पेशल डीजीपी ए.एस. राय को नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग करके लंबित शिकायतों का जायजा लेने को कहा गया था। स्पेशल डीजीपी ए.एस. राय द्वारा भविष्य में लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का दौरा भी किया जाएगा।

## कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने एसएएस नगर में 'रंगला पंजाब' विकास ग्रांटों की प्रगति की समीक्षा की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**एसएएस नगर, 17 अप्रैल।** ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में 'रंगला पंजाब' मिशन के तहत लगभग 8.47 करोड़ रुपये की लागत से 174 विकास कार्य प्रगति पर हैं। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दी। इस अवसर पर पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन श्री परमिंदर सिंह गोल्डी तथा जिला योजना समिति की चेयरपर्सन इंजी. प्रभजोत कौर भी उपस्थित थे।



बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किए जाएं। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि कुल 174 कार्यों में से 45 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2.5-2.5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किश्त प्राप्त हो चुकी है।

मोहाली, खरड़, डेराबस्सी और बनूड़ क्षेत्रों में चल रहे इन विकास कार्यों में कम्युनिटी सेंटर, पंचायत घर, धर्मशालाएं, खेल मैदान, गलियां, ड्रेनेज सिस्टम, श्मशान घाटों की चारदीवारी, गांवों के प्रवेश द्वार, डिस्पेंसरी की मरम्मत, स्कूल कक्षों का निर्माण, सोलर लाइटों की स्थापना तथा कच्चे मकानों को पक्के मकानों में परिवर्तित करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को निरंतर सुदृढ़ कर रही है, जिसमें सड़क नेटवर्क, नहरी सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जो 'रंगला पंजाब' मिशन का एक अहम हिस्सा है। एस.पी. (पीबीआई) दीपिका सिंह और एस.पी. (मुख्यालय) श्री मोहित अग्रवाल ने बताया कि लगभग 333 गांवों/वार्डों में रक्षा समितियां सक्रिय रूप से लोगों को जागरूक कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निरंतर प्रयासों से गेहूं खरीद सीजन के लिए पंजाब को बड़ी राहत: लाल चंद कटारूचक्क

- खाद्य, सिविल सप्लाई एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री द्वारा डीएफएससीज़ को मंडियों का व्यक्तिगत दौरा करने के निर्देश
- किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाने के निर्देश



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निरंतर प्रयासों के कारण केंद्र सरकार द्वारा गेहूं खरीद सीजन 2026-27 के संबंध में पंजाब को ढील दी गई है। पूरे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (चंडीगढ़) में हरियाणा की तरह गेहूं के दानों में चमक की कमी संबंधी सीमा में 70 प्रतिशत तक ढील दी गई है।

सिकुड़े और टूटे हुए दानों के संबंध में पूरे राज्य में समान मापदंडों के तहत मौजूदा 6 प्रतिशत की सीमा के मुकाबले 15 प्रतिशत तक ढील दी गई है। यहां एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान खरीद कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए खाद्य, सिविल सप्लाई एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने जिला खाद्य सप्लाई नियंत्रकों (डीएफएससीज़) और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि सभी हितधारकों के लिए सफल और निर्विघ्न खरीद सीजन सुनिश्चित करने में कोई कसर बाकी न छोड़ी जाए। उपज की लिफ्टिंग में तेजी लाने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि उपज की खरीद के 72 घंटों के अंदर लिफ्टिंग सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि खरीदी गई फसलों की अदायगी 48 घंटों के अंदर किसानों के खातों में कर दी जाए। इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डीएफएससीज़ को मंडियों का व्यक्तिगत दौरा करने के निर्देश देते हुए श्री कटारूचक ने कहा कि मंडियों में बारदाने की कोई कमी नहीं है, लेकिन यदि किसी जिले में बारदाने की जरूरत है तो अंतर-जिला ढुलाई का प्रबंध किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर अन्य के अलावा खाद्य, सिविल सप्लाई एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग के निदेशक वरिंदर कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक डॉ. अंजुमन भास्कर एवं अजयवीर सिंह सराओ तथा जीएम वित्त सर्वेश कुमार उपस्थित थे।

## पंजाब में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी की रेड पर आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने बीजेपी पर उठाए सवाल

# आप के 2 नेताओं पर ईडी की रेड, क्या बीजेपी ईडी के दम पर ही चुनाव लड़ेगी: अनुराग ढांडा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब में लगातार हो रही प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारियों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि पिछले तीन दिनों में पंजाब में ‹क्क के दो वरिष्ठ नेताओं पर श्वष्ठ की रेड होना यह साफ दिखाता है कि यह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि चुनाव से पहले रची गई राजनीतिक साजिश है। जो दिखाता है कि बीजेपी सत्ता हथियाने के लिए हर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करती है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के घरों पर लगातार कार्रवाई यह साबित करती है कि भाजपा सरकार एजेंसियों को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर ये कार्रवाई सच में भ्रष्टाचार के खिलाफ है, तो अब तक आप नेताओं पर हुई सैकड़ों ईडी और सीबीआई रेड में




आखिर कितना पैसा बरामद हुआ?

उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि अब तक किसी भी बड़े मामले में कोई ठोस बरामदगी नहीं हुई है। अधिकांश मामलों में अदालतों में जाकर केस बिना सबूतों के ढह जाते हैं। इसके बावजूद लगातार रेड करना यह दिखाता है कि मकसद न्याय नहीं, बल्कि विपक्ष को डराना और बदनाम करना है। और जनता के बीच भय पैदा करना है। अनुराग ढांडा ने कहा कि देश की जनता का पैसा इन एजेंसियों पर खर्च होता है, अधिकारियों की सैलरी, ऑपरेशन, जांच सब का खर्च टैक्स पेयर्स से लिया जाता है. लेकिन इसका इस्तेमाल जनता के हित में नहीं, बल्कि भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने में किया जा रहा है।

उन्होंने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा की हालत पंजाब में इतनी कमजोर है कि उनके पास 117 सीटों पर लड़ने के लिए मजबूत उम्मीदवार तक नहीं हैं। इसी कमी को छुपाने के लिए वे ईडी और सीबीआई के जरिए विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। अनुराग ढांडा ने कहा कि यह पैटर्न अब साफ हो चुका है, जहां चुनाव आते हैं, वहां सबसे पहले ईडी और सीबीआई पहुंचती हैं। दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल- हर जगह यही स्क्रिप्ट दोहराई गई है। अब पंजाब को भी उसी प्रयोगशाला में बदलने की कोशिश हो रही है।

### पंजाब वीरों की धरती, यहां डराने- दबाने की राजनीति कभी सफल नहीं हुई

अनुराग ढांडा ने कहा कि पंजाब वीरों और संघर्ष करने वाली जनता की धरती है। यहां डराने और दबाने की राजनीति कभी सफल नहीं हुई और आगे भी नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जितना ज्यादा दमन होगा, उतनी ही मजबूती से जनता जवाब देगी। उन्होंने अंत में कहा कि यह लड़ाई अब सिर्फ आम आदमी पार्टी की नहीं रही, बल्कि लोकतंत्र बनाम तानाशाही की लड़ाई बन चुकी है। पंजाब की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा को इसका करारा जवाब देगी और साफ संदेश देगी कि एजेंसियों के दम पर राजनीति नहीं चलती।

## बड़ा फेरबदल, 129 डीएसपी बदले, कई विंग प्रमुख को चार्ज

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल।** पंजाब में गुरूवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पंजाब पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं। विभाग में 129 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। सूबे के कई जिलों के फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के अलावा ईडब्ल्यूएस विंग और वुमेन एंड चिल्ड्रन विंग में भी अधिकारियों को बदला गया है।

डीएसपी सरबजीत सिंह को एसीपी एसडी सिविल लाइन लुधियाना, गुरइकबाल सिंह को डीएसपी एसडी बनूड़, भारत भ्भूषण को डीएसपी एसडी छब्बेवाल होशियारपुर, पलविंदर सिंह को डीएसपी एसडी फगवाड़ा, हरविंदर सिंह को डीएसपी पीबीआई एनडीपीएस एवं नारकोटिक्स, रोपड़, गब्बर सिंह को डीएसपी पीबीआई एनडीपीएस एंड नारकोटिक्स पटियाला, सुखविंदर सिंह को डीएसपी एसडी सिटी बटाला, संजीव कुमार को डीएसपी पीबीआई एनडीपीएस एंड नारकोटिक्स पठानकोट, करतार सिंह को डीएसपी हेडक्वार्टर, होशियारपुर, हरीश कुमार को डीएसपी सिटी सिटी अबोहर, सुखविंदर सिंह बराड़ को डीएसपी धर्मकोट, मोगा, जसविंदर सिंह को डीएसपी मौर बठिंडा, कुलदीप सिंह को डीएसपी पीबीआई एनडीपीएस एंड नारकोटिक्स बठिंडा, गुरचरण सिंह को डीएसपी सिटी-1, एसएएस नगर, गुरप्रताप सिंह को डीएसपी कमांड सेंटर फतेहगढ़ साहिब, रवि शेर सिंह डीएसपी पट्टी तरनतारन, लवकेश को डीएसपी स्पेशल ब्रांच एंड क्रिमिनल इंटेलिजेंस, तरनतारन, दीपेंद्र सिंह को डीएसपी रोपड़, राजपाल सिंह को डीएसपी डिटेक्टिव, रोपड़, जतिंदर चौहान को डीसएसपी डिटेक्टिव एसबीएस नगर, नवीन पाल सिंह को डीएसपी नंगल रोपड़, हरकीरत सिंह को डीएसपी खरड़-2 मुल्लांपुर, एसएएस नगर, लवप्रीत सिंह को डीएसपी स्पेशल ब्रांच एंड क्रिमिनल इंटेलिजेंस बरनाला, बलजीत सिंह को डीएसपी पीबीआई इक्नामिक ऑफेंस एंड साइबर क्राइम, बठिंडा, मनमोहन सिंह को डीएसपी मलोट, श्री मुक्तसर साहिब, अंग्रेज सिंह को एसीपी एसडी गिल (साऊथ) लुधियाना और भूपिंदर ड्क्षसह को डीएसपी 4 सीडीओ बटालियन, एसएएस नगर के अलावा प्रभहिंत कौर को डीएसपी 13वीं बटालियन पीएपी में नियुक्त किया है।

## एक नजर

### लुवास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित

**हिसार.** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन योगदान, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, उनमें पूर्व पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. वीरेंद्र सिंह पंवार, एनिमल अटेंडेंट श्री जसवंत सिंह, एनिमल अटेंडेंट श्री अमीर सिंह, लैब टेक्नीशियन श्री रत्तन लाल, असिस्टेंट श्री सतपाल यादव, एनिमल अटेंडेंट श्री जगदीश, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट श्रीमती आशा रानी, फोरमैन श्री दया नंद, लैब टेक्नीशियन श्रीमती सुशीला कुमारी, सुपरिंटेंडेंट श्री देवी लाल, दफ्तरी श्री हरि ओम तथा लैब अटेंडेंट श्री विजय कुमार शामिल रहे। समारोह के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव और समर्पण ने विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी को स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं देते हुए स्मृति-चिन्ह भेंट किए।
विश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक श्री विकास खरब ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लुवास टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक एवं नॉन-टीचिंग एसोसिएशन के उपप्रधान सोमबीर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिन्धु, आई.पी.वी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. सुखदीप वोहरा, लेखा नियंत्रक श्री विकास खरब सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान को याद करते हुए उनके जीवन के नए चरण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### दिव्यांग केंद्र में सेवार्थ भाव से लगाया निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर, 22 को मिली नेत्र ज्योति

**हिसार.** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 22 जरूरतमंद बुजुर्गों के नेत्र ऑपरेशन निशुल्क किए। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। नेत्र ऑपरेशन शिविर के दौरान दिव्यांग केंद्र के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल सीए, प्रोजेक्ट हेड सुरेंद्र कुच्छल, वीरेंद्र जैन, सुशील मुनि जैन, पंकज जैन, नीलम जैन, कृष्ण कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, अंशुल जैन व अजय सिंगला सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान जैन परिवार ने दिव्यांग केंद्र का अवलोकन किया और यहां संचालित स्वास्थ्य व जनहित के कार्यों की प्रशंसा की। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग केंद्र द्वारा पर नियमित रूप से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाता है। इस शिविर में समासेवियों व विभिन्न संस्थाओं का भरपूर सहयोग रहता है। उन्होंने बताया कि इस शिविर का लाभ उठाने के लिए कोई भी जरूरतमंद बुजुर्ग किसी भी कार्यदिवस में बस स्टैंड के पीछे न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग केंद्र में निशुल्क पंजीकरण करवा सकता है। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध है। यहां पर कृत्रिम अंग निर्माणशाला भी उपलब्ध है जिसमें कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क प्रदान किए जाते हैं। यहां पर मॉड्यूलर कृत्रिम अंग भी निर्मित जाते हैं। ये आधुनिक कृत्रिम अंग भी दिव्यांगजनों को निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।

### सेंट लॉरेंस स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन : डॉ सहगल

**यमुनानगर.** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की और अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन का शानदार परिचय दिया। सेंट लारेंस इंटरनेशनल स्कूल, पाबनी रोड, जगाधरी की छात्रा भूमिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.2त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।
विशेष रूप से उन्होंने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया। जिया खान ने विद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान तथा गीतांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता का परिचय दिया। इनके साथ ही ओवैश, तन्वी, अक्षरा शर्मा, सुहीना, भवनीत, सारिका, यशमीत, गरिमा, जपकिरत, ज्योति, मनप्रीत, मंत्सा खान, अर्शप्रीत, हरलीन, इशानी, अमीतोजवीर सिंह, वंशप्रीत, पर्व कंबोज, अंकुश तिवारी एवं आरव ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान बनाया। इन विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और लक्ष्य के प्रति समर्पण को दर्शाती है, जिसने उन्हें इस सफलता तक पहुँचाया। लारेंस इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुर रोड, बिलासपुर का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय रहा। जान्हवी, हंशिका शर्मा, जसमीत सिंह, वाशु, काव्या बिंद्रा, यश्वी, रिया ने मेरिट एवं उच्च प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

# कांग्रेस अब पार्टी नहीं, टुकड़ों में बँटा कुनबा है; हुड्डा के नेतृत्व पर लगा कभी न मिटने वाला दाग : विज

- भूपेंद्र सिंह हुड्डा की लीडरशिप पर कभी न मिटने वाला दाग होने का आरोप
- कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग और विधायकों के निलंबन को आंतरिक टूट का संकेत बताया



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने टीएमसी से निलंबित विधायक व आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर पर बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण के संबंध पर बयानी हमला करते हुए कहा कि अगर यह (हुमायूं कबीर) अपने बाप के नाम का मस्जिद बनाएंगे तो कोई विरोध नहीं करेगा।

विज मीडिया कर्मियो द्वारा पूछे गए सवाल, कि हुमायूं कबीर के बयान कि बंगाल में बाबरी मस्जिद बनने से कोई नहीं रोक सकता, के जबाव में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर उन्होंने (हुमायूं कबीर) ने मस्जिद बनानी है तो अपने बाप के नाम पर बनाएं उन्हें कौन मना कर रहा है लेकिन जिन लोगों ने हम पर हमले किए, हमारी संस्कृति को तहस-नहस किया, बाहर से आकर हम पर अत्याचार किए, हम पर जुल्म किये, उनके नाम का महिमामंडन क्यों करते हो। विज ने कहा कि अगर यह अपने बाप के नाम का मस्जिद बनाएंगे तो कोई विरोध नहीं करेगा। हरियाणा कांग्रेस द्वारा क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने पांच विधायकों को सस्पेंड करने तथा इन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के प्रश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह विधायक कानूनी रूप से भाजपा में तो नहीं आ सकते लेकिन कांग्रेस ने उन्हें निकाल दिया है और भी दो चार विधायक अभी मुहाने पर थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऊपर से नीचे तक टुक?ों में बंट चुकी है, लिहाजा अब ये पार्टी ही नहीं रह गई। मंत्री अनिल विज ने कहा कि हुड्डा साहब एक साल की लंबी लड़ाई के बाद लीडर बने थे और यह हुड्डा साहब की लीडरशिप पर एक बहुत गहरा दाग है जिसे वह कभी धो नहीं सकेंगे। लोकसभा में प्रियंका गांधी ने परिसीमन का विरोध करते हुए पीएम मोदी पर तंज कसा था जिस पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल चल रहा है, देश में डेमोक्रेसी है और जो लोग इस बिल के पक्ष में है वह एक से एक बढ़िया बात रखकर अपना पक्ष रख रहे हैं, और जो विपक्ष में है वह भी अपनी बातों को अपने तरीके से कह रहे हैं, लेकिन कोई भी आदमी समाचार पत्र या चैनल देखकर इस बात का अंदाजा लगा सकता है कि कौन-कौन सी पार्टियां हक में है और कौन-कौन सी इसके विरोध में। अभय चौटाला द्वारा हरियाणा की मंडियों के दौरे को लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभय चौटाला आजकल खाली है और विपक्ष में भी है, इसलिए वह अपने समय का सदुपयोग कर रहे हैं व मंडियों में जाकर कमियां देख रहे हैं और अगर कोई कमी मिलती है तो वह सरकार को बताते हैं और सरकार उनकी बात पर गौर भी करती है।

वहीं, आज ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष वायुसेना में कार्यरत अधिकारी ने अपने बेटे की मौत मामले में जांच की मांग की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के महेशनगर थाने के एसएचओ को मामले में केस दर्ज कर जांच के निर्देश दिए। अधिकारी ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि उन्हें बेटे की हत्या की आशंका है जबकि पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## जनगणना पोर्टल पर आमजन अपनी व अपने परिवार की गणना स्वयं करके जिम्मेदार नागरिक बने : सतपाल

**असंध.** जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है इसी कड़ी में असंध उपमंडल के चार्ज ऑफिसर तहसीलदार नवजीत कौर की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर के दौरान असंध ब्लॉक के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए फील्ड ट्रेनर सतपाल पसरीचा ने आमजन से एक विशेष अपील करते हुए कहा कि है जनगणना 2026-2027 देश की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण डाटाबेस तैयार करेगी इस बार नागरिक जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने मकान की गणना स्वयं कर सकते हैं।

सब गणना का यह विशेष चरण 16 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। सतपाल पसरिचा ने बताया कि पोर्टल पर नागरिक अपनी जानकारी भर सकते हैं जवाब ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए एक गर्व की बात है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्व- गणना से मई महीने में होने वाली भौतिक मकान गणना में लग समय और और सरकारी संसाधनों की भी बचत होगी। आमजन की पहल देश के नियोजन में एक बड़ा योगदान देगी।

## अंग्रेज सिंह गुराया 'फोडर आइकन अवॉर्ड 2026' से सम्मानित

**कैथल.** प्रगतिशील किसान अंग्रेज सिंह गुराया गांव डेरा गदला ने अपनी मेहनत, नवाचार और समर्पण से एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें चारा उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'क्रॉप आइकन अवॉर्ड 2026' के तहत 'फोडर आइकन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित ह्रस्ट कॉम्प्लेक्स में गत दिवस आयोजित 'मेक इंडिया ऑर्गेनिक एंड नेचुरल प्रोग्राम 2026' के मंच पर अंग्रेज सिंह गुराया को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कृषि जागरण द्वारा देशभर के उन किसानों और कृषि अग्रदूतों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यों से कृषि क्षेत्र में नई दिशा और पहचान स्थापित की है। अंग्रेज सिंह गुराया ने चारा उत्पादन के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी मेहनत की फसल आज सम्मान के रूप में लहलहा रही है। उन्होंने न केवल अपनी खेती को उन्नत बनाया, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरे हैं। टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए उन्होंने यह सिद्ध किया है कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि बदलाव के वाहक भी हैं। बता दें कि प्रगतिशील किसान अंग्रेज सिंह गुराया पिछले 25 वर्षों से पराली प्रबंधन में भी लगे हुए हैं। उन्होंने पिछले 25 सालों में पराली नहीं जलाई।

## एग्रो में गेहूं खरीद प्रक्रिया बनी किसानों के लिए परेशानी का सबब : रामचंद्र गुर्जर

**कैथल.** कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने मौजूदा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन नीतियों के कारण अन्नदाता किसानों को अपनी मेहनत से उगाई गई गेहूं की फसल बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नई अनाज मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांव सोलूमाजरा के पास कैथल-कुरुक्षेत्र मार्ग पर एग्रो केंद्र के बाहर किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन खरीद प्रक्रिया की धीमी गति उनके लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने बताया कि किसान खुले आसमान के नीचे दिन-रात बैठने को मजबूर हैं। घर-परिवार छोडकर मंडियों में डेरा डाले बैठे किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। वहीं, सरकारी एजेंसियों की लापरवाही और मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गेहूं खरीद को लेकर किए गए सभी दावे खोखले साबित हुए हैं। सरकार द्वारा लागू किए गए तुगलकी फरमान किसानों पर भारी पड़ रहे हैं और खरीद व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार बिना देरी किए इन फैसलों को वापस ले और गेहूं की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाए। साथ ही किसानों की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुरंत खरीदा जाए, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव से राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट, व्यापारी असुरक्षित : हुड्डा

**करनाल.** पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी हैं। यहां पर व्यापारियों,उद्योगपतियों से फिरौती मांगने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। बदमाश व्यापारियों को धमकाने के लिए उनके प्रतिष्ठानों और निवास पर गोलियां चला रहे हैं। वह शुक्रवार को करनाल में कांग्रेस नेता निप्पी मान तथा वरिष्ठ कांग्रेस नैत्री कमल मान के निवास पर पहुंचे। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा कमल मान के पति सुरेंद्र मान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे। उनकी याद में शोकसभा 19 अपैल को दोपहर एक बजे से मैहता फार्म काछवा रोड पर होगी। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने सुरेंद्र मान को कांग्रेस का लोकप्रिय नेता बताया। उन्होंने कहा कि यह परिवार उनके साथ पारविारिक तौर पर जुड़ा हुआ हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही हैं। मंडियों में जो नस नियम सरकार बना रही है उससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के कृषि मंत्री वारिश और ओला प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के बजाए अनर्गल वयान वाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांचों विधायकों के खिलाफ जो भी निलंबन की कार्रवाई की है। वह अनुशासन समिति के सिफारिश करने के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इन पांचों विधायकों ने क्रास वोटिंग कर जनमत के साथ विश्वासघात किया हैं। उन्होंने कहा कि इन विधायकों में दम हैं तो वह त्यागपत्र देकर जनता के बीच जांए। इस अवसर पर श्री हुड्डा नें सुरेंद्र मान के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नरवाल, अभिवीर सौरभ कादियान, नाहर सिंह संधु, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी महेंद्र कादियरन, बलजीत चौहान, अनिल शर्मा, सुरेंद्र , सुरजीत सैनी, पूर्व विधायक धर्म पाल गौंदर, बुल्लेशाह, कांग्रेस नेता अशोक जैन एडवोकेट, पप्पू लाठर, रजता लाठश्र, विधायक अमनदीप चठ्ठा सहित तमाम नेता मौजूद थे।

## प्रशासनिक उपेक्षा की भेंट चढ़ रहे विकास कार्य, पूर्व जिला पार्षद ने खोली व्यवस्था की पोल

**भिवानी.** हरियाणा सरकार के समाधान शिविर जहां जनता की समस्याओं के त्वरित निपटारे का दावा कर रहे हैं, वही पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मान ने वीरवार को उपायुक्त को दो अलग-अलग पत्र सौंपकर ढ़ाणा नरसान और ढ़ाणा लाडनपुर में सालों से लंबित विकास कार्यों और सरकारी संपत्तियों की बदहाली का कच्चा चिट्ठा पेश किया। ईश्वर सिंह मान ने अपने पहले पत्र में गांव ढाणा नरसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यहां राजीव गांधी सेवा केंद्र की इमारत पिछले 12 वर्षों से अधूरी पड़ी है। इस दौरान दो सरपंचों का कार्यकाल बीत चुका है और तीसरे का भी खत्म होने को है, लेकिन इमारत आज भी खंडहर बनी हुई है। मान ने कहा कि यह शर्म की बात है कि जिस भवन को ग्रामीणों की सेवा के लिए बनना था, वहां आज गोबर के उपले (गोसे) और कचरा भरा हुआ है। इसकी छत (लैंटर) किसी भी वक्त गिर सकती है। उन्होंने वर्ष 2023-24 में भी पंचायती राज विभाग को शिकायत दी थी, लेकिन प्रशासन टस से मस नहीं हुआ। आखिर इस कोताही के लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने मांग की है कि भवन की सफाई कराकर खिड?ी, दरवाजे और चारदीवारी का काम युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए ताकि यह पंचायत के काम आ सके। दूसरे पत्र में मान ने ढाणा लाडनपुर (रेलवे लाइन पार बस्ती) स्थित संत कबीर आश्रम की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति और पिछड़े समाज के साथ लंबे समय से अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आश्रम की छत और किवाड़ टूट चुके हैं, परिसर में कूड़े के ढेर लगे हैं। इसकी तत्काल रिपेयरिंग की जाए। मान ने मांग की है कि आश्रम में गरीब और डीएससी समाज के बच्चों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा दी जाए, जिसमें कुर्सी-मेज और फर्नीचर का प्रबंध हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज के इन वर्गों के प्रति हो रही अनदेखी एक कड़वी सच्चाई है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ईश्वर सिंह मान ने अपने बयानों में प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह हरियाणा सरकार और पंचायती राज विभाग से प्रार्थना करतेष् हैं कि इन कार्यों में अब रत्ती भर भी देरी न की जाए।

## मंत्री ने गौशालाओं को 82 लाख 63 हजार 900 रूपए के चेक किए वितरित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नरवाना.** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना की गौशालाओं का दौरा कर प्रदेश सरकार की ओर से 82 लाख 63 हजार 900 रूपए के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से 2014 तक गौ सेवा आयोग के गठन को लेकर प्रदेश में व्यापक आंदोलन चला, लेकिन उस समय यह संभव नहीं हो पाया। वर्ष 2014 में सरकार बनने के बाद पहली बार हरियाणा में गौ सेवा आयोग का गठन किया गया, जिससे गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण को संस्थागत मजबूती मिली। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा राज्य है जहां गौ माता की सुरक्षा के लिए सबसे सख्त कानून लागू किया गया है, जिसे विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। उन्होंने बताया कि सरकार केवल कानून बनाकर ही नहीं रुकी, बल्कि गौशालाओं में रह रहे पशुओं के भरण-पोषण के लिए भी ठोस व्यवस्था की गई है। इसके तहत नंदी के लिए 25 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये और बछड़े के लिए 10 रुपये प्रतिदिन की दर से सहायता राशि निर्धारित की गई है। यह राशि हर तीन से चार महीने के अंतराल पर गौशालाओं को चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश की पंजीकृत गौशालाओं के लिए लगभग 70 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जिससे हजारों गौवंश को सीधा लाभ मिलेगा। उपमंडल में वितरित की गई राशि का उल्लेख करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि श्री राधे श्याम गौशाला को 6 लाख 7 हजार 200 रुपये तथा श्री कृष्ण गौशाला को 22 लाख 24 हजार 560 रुपये के चेक भेंट किए गए हैं। इसके अलावा गौशाला दनौदा में भी 54 लाख 32 हजार 140 रुपए का चेक गौशाला समिति को भेंट किया।



उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए की गई सभी घोषणाओं को मार्च और अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि राज्य सरकार संत समाज और महापुरुषों के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सन्त कबीर, गुरु रविदास, महर्षि वाल्मीकि, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, भगवान विश्वकर्मा, भगवान परशुराम तथा महाराजा अग्रसेन का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों की विरासत को सम्मान देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जींद गवर्नमेंट कॉलेज का नाम संत समाज के नाम पर रखने के मुद्दे पर भी सकारात्मक रुख व्यक्त किया और कहा कि सरकार सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करती है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं के पूरा होने पर संतोष जताते हुए वर्तमान सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौसेवा, सामाजिक समरसता और विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

**16 अप्रैल से शुरू हुई है जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया**

## नागरिक 30 अप्रैल तक स्व-गणना प्रक्रिया में करें अधिक से अधिक भागीदारी : डीसी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना प्रक्रिया 16 से शुरु हो गई है, जो 30 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल se.census.gaæv.in पर जाकर अपनी जनगणना से जुड़ी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उनकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। सरकार ने इस बार जनगणना को डिजिटल स्वरूप दिया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोग मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी अपनी जानकारी भर सकते हैं। प्रत्येक परिवार को एक यूनिक एसई आईडी दी जाएगी, जिसे सत्यापन के समय गणनाकर्मी को दिखाना होगा।



- **ऐसे करें स्व-गणना:** नागरिक निम्न प्रक्रिया के माध्यम से स्व-गणना कर सकते हैं

सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल se.census.gaæv.in पर जाएं

मोबाइल नंबर व ओटीपी से लॉगिन/पंजीकरण करें

डिजिटल मैप पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी भरें। आवास व सुविधाओं से जुड़ी जानकारी दर्ज करें। जानकारी की समीक्षा कर फॉर्म सबमिट करें

**एसई आईडी प्राप्त करें:** - 33 प्रश्नों के जरिए जुटाई जाएगी जानकारी

स्व-गणना फॉर्म में लगभग 33 सवाल होंगे, जिनमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान की स्थिति, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक जानकारी शामिल होगी।

मोबाइल नंबर देना अनिवार्य रहेगा। इस बार जनगणना में इंटरनेट, स्मार्टफोन, टीवी, रेडियो, कंप्यूटर/लैपटॉप और वाहनों (साइकिल, मोटरसाइकिल, कार) जैसी सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी जुटाई जाएगी।

## गांव नाथुवास की बहु नीतू सांगवान बनीं वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकन की सेकंड रनर-अप

**भिवानी.** अक्सर कहा जाता है कि अगर इरादे फौलादी हों और खुद पर यकीन हो, तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी राष्ट्रीय फलक पर चमकना मुमकिन है। इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है गांव छपार की बेटी व गांव नाथुवास की बहु नीतू सांगवान ने। हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित वीजी मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकन सीजन-7 में नीतू सांगवान ने सेकंड रनर-अप का खिताब जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। नीतू की यह जीत केवल एक ब्यूटी पीजेंट का खिताब नहीं, बल्कि उन रूढि?ों के खिलाफ एक बड़ी जीत है जो आज भी ग्रामीण परिवेश में महिलाओं को सपनों से दूर रखती हैं। नीतू ने अपनी इस यात्रा में उन चुनौतियों का सामना किया, जहां अक्सर बेटियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता। नीतू का मानना है कि आज भी कई महिलाएं घर की चारदीवारी तक ही सीमित रह जाती हैं, लेकिन उन्होंने साबित कर दिया कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती, बस उन्हें पूरा करने का जज्बा होना चाहिए। एक कुशल गृहिणी के रूप में नीतू ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों और अपनी महत्वाकांक्षाओं के बीच शानदार संतुलन बिठाया। अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय वे अपने पति और परिवार को देती हैं। उनका कहना है कि परिवार के अटूट विश्वास और प्रोत्साहन ने ही उन्हें मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़े होने की शक्ति दी। इसके साथ ही उन्होंने बिनिता श्रीवास्तव और वीजी टीम का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें यह मंच प्रदान किया। खिताब जीतने के बाद नीतू सांगवान ने कहा कि अब उनका उद्देश्य केवल चमक-धमक तक सीमित नहीं है। वे अब महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहती हैं। उन्होंने देश की महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर मैं अपने सपनों को पूरा कर सकती हूं, तो हर लड?ी कर सकती है।

# आंवला से पपीता तक, लिवर के लिए 'सुरक्षा कवच' हैं ये फल, रोजाना सेवन से मिलेंगे कई फायदे



लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो न केवल खून को साफ करता, पाचन क्रिया को बेहतर करता बल्कि हानिकारक तत्वों को शरीर से बाहर निकालने में भी मदद करता है। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, बाहर का तला-भुना खाना और अनियमित दिनचर्या धीरे-धीरे हमारे लिवर को नुकसान पहुंचा रही है। लिवर की सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ चुनिंदा फल और पत्ते लिवर को स्वस्थ रखने में बेहद फायदेमंद साबित होते हैं। आंवला से लेकर पपीता तक ये फल लिवर के लिए वरदान की तरह काम करते हैं। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, आयुर्वेदिक ज्ञान और माइंडफुल ईटिंग अपनाकर हम लिवर को मजबूत बना सकते हैं। विश्व लिवर दिवस पर आयुष मंत्रालय लोगों को सही आहार और प्राकृतिक चीजों के जरिए लिवर की देखभाल करने की सलाह दे रहा है।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि इन फलों और पत्तों को अपनी रोजाना की डाइट में शामिल करें। ताजा फल खाएं, जूस बनाकर पीएं या सलाद में डालकर खाएं। साथ ही तला-भुना, जंक फूड और ज्यादा शराब से बचें। नियमित व्यायाम और अच्छी नींद भी लिवर की सेहत के लिए जरूरी है।

आंवला- लिवर का सबसे बड़ा दोस्त माना जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। रोजाना आंवला का सेवन या आंवला जूस लिवर को स्वस्थ रखता है।

पपीता- यह पाचन शक्ति बढ़ाता है और लिवर में जमा विषाक्त पदार्थों को शरीर से निकालने में सहायक है। यह लिवर की सूजन कम करने में भी मददगार है।

अनार- अनार के रस में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट लिवर की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं।



### रश्मिका का 'गोल्डन टच' क्यों है अटूट?

# कैसे हर फिल्म को हिट बना रही हैं रश्मिका मंदाना!



**मुंबई.** अक्षय तृतीया का पर्व जहां समृद्धि, सौभाग्य और स्थायी सफलता का प्रतीक माना जाता है, वहीं भारतीय सिनेमा में रश्मिका मंदाना इस भावना का सजीव उदाहरण बनकर उभरी हैं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व, सहज अभिनय और जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस के दम पर उन्होंने खुद को पैन-इंडिया की सबसे भरोसेमंद और चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार कर लिया है। पिछले कुछ वर्षों में रश्मिका ने लगातार ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनकर अपनी 'गोल्डन गर्ल' वाली पहचान को मजबूत किया है, जो न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ती हैं बल्कि दर्शकों के दिलों में भी लंबे समय तक बनी रहती हैं। पुष्पा- द राइज से लेकर एनिमल और पुष्पा 2- द रूल जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर्स ने उनकी स्टार पावर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। रश्मिका की खासियत सिर्फ उनकी सफलता नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता है— एक ऐसी गुणवत्ता जो उन्हें भीड़ से अलग बनाती है। अक्षय तृतीया के इस शुभ अवसर पर, वह न सिर्फ सफलता का प्रतीक हैं, बल्कि उस विश्वास का भी चेहरा हैं कि असली चमक वही होती है, जो समय के साथ और निखरती जाती है।

# मुझे उम्मीद नहीं थी कि मिंटू के किरदार के इतने अलग पहलू देखने को मिलेंगे : बत्रा

लोकप्रिय कोर्ट ड्रामा सीरीज मामला लीगल है-2 में मिंटू का किरदार निभाने वाले अभिनेता अंजुम बत्रा ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में अपने किरदार को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिंटू यादातर वीडी त्यागी की परछाई जैसा था। वह एक वफादार दोस्त है, जो अपने लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहता था और दोस्ती को बहुत ही खूबसूरती से निभाता था। उससे सीखने के लिए बहुत कुछ है। पहले सीजन में मिंटू का किरदार मुख्य रूप से कॉमेडी तक सीमित था, लेकिन सीजन-2 में इस किरदार को काफी गहराई दी गई। मुझे खुद उम्मीद नहीं थी कि मिंटू के इतने अलग-अलग पहलू दिखाए जाएंगे। इस बार उसके साथ एक लव ट्रैक है, जिम्मेदारी का गहरा एहसास और सुजाता के साथ चैंबर में हल्की-फुल्की नोक-झोंक भी है। अभिनेता ने निर्देशक राहुल पांडे की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कहानी में बहुत अछी गहराई जोड़ी। लेखकों ने शो को दिलचस्प बनाया है। निर्देशक राहुल पांडे ने इसे शानदार तरीके से पेश किया।

अभिनेता ने अपने किरदार और असल जिंदगी के बीच फर्क पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, जब कोई एक्टर किसी किरदार को निभाता है, तो उसकी अपने व्यक्तित्व का कुछ हिस्सा किरदार में आ ही जाता है। इसलिए मिंटू में मेरी थोड़ी-बहुत समानताएं जरूर हैं, लेकिन कुल मिलाकर हम दोनों काफी अलग इंसान हैं।

शूटिंग के अनुभव को याद करते हुए अंजुम बत्रा ने बताया कि सेट पर हर समय हंसी-मजाक का माहौल रहता था। कैमरे के पीछे की कॉमेडी स्क्रीन पर दिखने वाली कॉमेडी से कहीं यादा मजेदार होती है। रवि किशन के साथ काम करना बहुत सुखद अनुभव था। उनकी कॉमिक टाइमिंग जबरदस्त है। बाकी को-एक्टर्स भी पूरे दिन माहौल को जोश भरा और जिंदादिल बनाए रखते थे।

अभिनेता ने सीरीज में कॉमेडी और गंभीरता के बीच संतुलन पर लेखक और निर्देशक की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, लेखकों ने कहानी को समझदारी से लिखा है, जहां समाज को सार्थक संदेश देना था, वहां उन्हें असरदार तरीके से पेश किया, लेकिन कॉमेडी का अंदाज भी कहीं नहीं खोया। डायरेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि स्क्रीन पर यह बैलेंस अछे से दिखे। यह एक बेहतरीन मेल है। जरूरत पड़ने पर गंभीर और जरूरत पड़ने पर मजेदार।



# ललिता पवार: 9 साल की उम्र में डेब्यू, 7 दशक तक 700 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

ललिता पवार... हिंदी सिनेमा के प्रेमी इनके नाम और इनके चेहरे से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। फिल्मों में खतरनाक सास का किरदार हो या रामानंद सागर के रामायण में मंथरा का, वह इतनी शिद्दत से पर्दे पर अपनी भूमिका गढ़ती थीं कि दर्शक उनकी दमदार छवि पर खूब प्यार लुटाते थे। अपनी बेजोड़ अदायगी से सिने प्रेमियों का मनोरंजन करने वाली अभिनेत्री की 18 अप्रैल को जयंती है। हिंदी सिनेमा में 'सास' के किरदार की छवि इतनी मजबूत हो गई कि दर्शक उन्हें देखकर डर जाते थे, लेकिन असल जिंदगी में वह बेहद मेहनती और लगनशील अभिनेत्री थीं। 9 साल की छोटी सी उम्र में फिल्मों में डेब्यू करने वाली ललिता पवार ने सात दशक तक सक्रिय रहते हुए 700 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया और भारतीय सिनेमा में अपना एक अलग मुकाम बनाया। ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को नासिक जिले के योला कस्बे में हुआ था। उनका असली नाम अंबा लक्ष्मण राव शगुन था। उनके पिता लक्ष्मण राव शगुन सिल्क और कॉटन के बड़े व्यापारी थे। मात्र 9 साल की उम्र में उन्होंने एक मूक फिल्म में बाल कलाकार के रूप में काम किया और पहली फिल्म के लिए उन्हें सिर्फ 18 रुपए मिले थे। खास बात है कि उस समय लड़कियों को स्कूल भेजना आम नहीं था, लेकिन उनके पिता ने घर पर ही उर्दू-हिंदी शिक्षक और शास्त्रीय संगीत की व्यवस्था कर दी थी।

ललिता पवार बेहद खूबसूरत थीं और जबरदस्त अदाकारा भी। जल्दी ही वे हिंदी सिनेमा की सबसे महंगी हीरोइन बन गईं। वे खुद अपने गाने भी गा लेती थीं, लेकिन 1942 में फिल्म 'जंग आजादी' की शूटिंग के दौरान उनके साथ एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हो गया। एक सीन में भगवान दादा ने उन्हें इतनी जोर से थप्पड़ मारा कि उनकी एक आंख की नस फट गई। डॉक्टर की गलत दवाई से उनके चेहरे पर लकवा मार गया। इस चोट के कारण उनकी एक आंख छोटी हो गई और लगभग तीन साल तक वे फिल्म इंडस्ट्री से दूर रहीं। हीरोइन बनने का उनका सपना चकनाचूर हो गया, लेकिन ललिता पवार ने हार नहीं मानी। उन्होंने खुद को मजबूत बनाया और कैरेक्टर आर्टिस्ट के रूप में वापसी की।

# मां के लिए जरीन खान का छलका दर्द, नोट शेयर कर लिखा, आपके बिना सब खाली है

अभिनेत्री जरीन खान पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कुछ दिन पहले उनकी मां परवीन खान ने दुनिया को अलविदा कह दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री ने अपनी मां के लिए खास पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां के साथ पुरानी यादों का मोंटाज वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में जरीन और उनकी मां साथ में हंसती-खेलती नजर आ रही हैं। जरीन ने पोस्ट में लिखा, निश्चय ही हम ऊपरवाले के हैं और एक दिन हमें वहीं जाना है। मां, आपको गए हुए अभी बस 10 दिन हुए हैं। मैं दुनिया के लिए कोई बड़ा कैप्शन नहीं लिखूंगी, क्योंकि आप पहले से ही जानती हैं कि मैं अभी क्या महसूस कर रही हूं।

उन्होंने आगे लिखा, मेरे दिल में एक दर्द और खालीपन है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। आप हमेशा सही रहें और ऊपर अछे से रहें, जब तक हम फिर से नहीं मिलते हैं।

अभिनेत्री जरीन खान की मां लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। अक्टूबर 2025 में भी उनकी तबीयत खराब हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभिनेत्री ने मां के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था और लगातार अपडेट दे रही थीं। इसके साथ ही, फैंस से उनकी जल्दी ठीक होने और अछे स्वास्थ्य के लिए दुआ करने की अपील कर रही थीं। जरीन खान अपनी मां के बहुत करीब थीं और अक्सर सोशल मीडिया पर उनके साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती थीं। जरीन खान ने 2010 में सलमान खान के साथ फिल्म वीर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कटरीना कैफ से समानता के कारण चर्चा में आईं जरीन ने हाउसफुल 2, हेट स्टोरी 3 और अक्सर 2 जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें मुख्य रूप से ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।

### कमर्शियल एक्टर्स पर ऋचा चड्ढा ने उठाए सवाल

# बोलीं-कुछ कहानियों के लिए बड़े चेहरों की जरूरत नहीं होती

एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर ऋचा चड्ढा अक्सर खुलकर कई मुद्दों पर बात करती और अपनी राय रखती नजर आती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सवाल उठाया है कि इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स लगातार कमर्शियल एक्टर्स को क्यों कास्ट करते हैं? उनका कहना है कि ऐसे एक्टर्स उन कहानियों के लिए न तो बॉक्स-ऑफिस तक दर्शकों को ला पाते हैं और न ही इंडी फिल्म को फेस्टिवल में कोई साख दिला पाते हैं। ऋचा ने एक बयान में कहा, अगर कोई एक्टर शुक्रवार को आपकी फिल्म को थिएटर में ओपनिंग नहीं दिला पाता और न ही फेस्टिवल्स में कोई खास वजन जोड़ पाता है, तो फिर एक इंडिपेंडेंट फिल्म में उसे कास्ट करने का आखिर फायदा क्या है? एक्ट्रेस ने कहा कि वह किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रही हैं, लेकिन कम से कम ट्रेंड एक्टर्स के साथ आपको यह भरोसा रहता है कि उनकी परफॉर्मेंस की क्वालिटी बनी रहेगी। इंडी फिल्मों के पीछे भी कमर्शियल सोच होती है, कुछ कहानियों को भीड़ खींचने के लिए हमेशा इतने बड़े चेहरों की जरूरत नहीं होती। ऐसे एक्टर को हायर करना यादा किफायती होता है जो कम बजट में भी फिल्म को साख दिला सके। उन्होंने आगे कहा, किसी भी एक्टर की काबिलियत या अहमियत को कम न करते हुए, मेरा मकसद यह है कि अगर इंडी फिल्मों को 2026 में सचमुच टिके रहना है, तो हमें यह समझना और सीखना होगा कि दर्शक अछी कहानियां देखना चाहते हैं, ऐसे काबिल एक्टर्स के साथ जो बजट पर भारी न पड़ें, क्योंकि उनके साथ आने वाले लोगों का खर्च भी तो उठाना पड़ता है। ऋचा ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिपेंडेंट सिनेमा की बुनियाद हमेशा से ही रिस्क लेने, असलियत और मजबूत कहानी कहने पर टिकी रही है। उन्होंने कहा, इंडी फिल्मों का मकसद नई आवाजों, एक्टर्स, लेखकों और टेक्नीशियन्स को सामने लाना होता है, जो फिल्म में कुछ नयापन और ईमानदारी ला सकें। जब फिल्म मेकर्स कमर्शियल वैल्यू के भ्रम में कास्टिंग के मामले में समझौता करते हैं, तो फिल्म अपनी रूह खो देती है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि 1980 के दशक में हमारे यहां इंडी सिनेमा का एक जबरदस्त दौर था, और फारूक शेख, अमोल पालेकर, शबाना आजमी जैसे दिग्गज एक्टर्स अपने आप में बड़े सितारे थे। आज वह जगह पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।



# युजवेंद्र चहल के 'मैसेज' विवाद पर तान्या चटर्जी ने तोड़ी चुप्पी



भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल इन दिनों मैदान से यादा सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इंफ्लुएंसर तान्या चटर्जी ने दावा किया था कि चहल ने उन्हें इंस्टाग्राम पर मैसेज किया था। इस छोटे से मैसेज ने देखते ही देखते बड़ा विवाद खड़ा कर दिया और इंटरनेट पर बहस छिड़ गई। इंफ्लुएंसर ने आईएएनएस के साथ बातचीत में इस विषय पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, वह बस एक सामान्य मैसेज था। इसमें कोई बुराई या फिर विवाद छेड़ने जैसा कुछ भी नहीं था। मेरे मन में उनके लिए बहुत इजत है। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। वे एक भारतीय खिलाड़ी हैं और देश के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने मुझे सिर्फ क्यूट कहा था और आईपीएल के बारे में बातचीत चल रही थी। तान्या ने आगे बताया कि पूरी बातचीत के दौरान चहल से जुड़ा टॉपिक सामने आया और उन्होंने इसे ऐसे ही बता दिया। उन्होंने कहा, मेरा इरादा चहल को बदनाम करने का बिल्कुल भी नहीं था। मैं तो अपने दोस्तों के साथ भी इसी तरह रहती हूं। मुझमें वह मासूमियत अभी भी है। मेरे अंदर का बचा अभी भी जिंदा और हमेशा बरकरार रहेगा। उन्होंने मेरी तारीफ की थी, मुझे अछा लगा, बात खत्म।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं समझ नहीं पा रही हूं कि मानहानि का केस कैसे हो सकता है। मैंने तो उन्हें बदनाम नहीं किया, बल्कि, उनकी तारीफ ही की थी। उन्होंने कहा, चहल एक भारतीय क्रिकेटर हैं और आईपीएल में खेल रहे हैं। मैं उनकी निजी जिंदगी में दखल नहीं दे रही हूं और न ही किसी और चीज में। यह बस एक तारीफ थी, जिसे मैंने अपनी मासूमियत से सभी के सामने शेयर किया। तान्या ने अपनी बात को साफ करते हुए कहा कि यह घटना 2023 की है। अगर उन्हें कुछ ऐसा करना होता, तो वे पहले ही कर देती। यह 2023 में हुआ था। सबको पता था कि उस समय वह शादीशुदा थे। उन्होंने मुझे मैसेज किया था, जिसके बारे में मुझे पता नहीं था। मुझे यह देर से पता चला। लेकिन अगर मैं उस समय किसी पीआर या ऐसी ही किसी टीम के साथ जुड़ी होती, तो शायद मुझे पता चल जाता। मेरा कोई पीआर नहीं है। इंफ्लुएंसर ने कहा कि मेरे वकील इस मामले को देख रहे हैं और उन्होंने मुझे यादा कुछ कहने से मना किया है, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि उन्होंने ही मुझे मैसेज किया था। वह एक प्यारा सा मैसेज था और एक बार नहीं, दो बार किया था।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com